ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-08-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-03	2022-08-04	2022-08-05	2022-08-06	2022-08-07
वर्षा (मिमी)	25.0	12.0	8.0	10.0	20.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	33.0	33.0	34.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	24.0	26.0	26.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	90	90	85	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	65	45	45	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	8.0	8.0	6.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	100	70	70	90	90
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	8	7	7	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (26 जुलाई - 01 अगस्त , 2022) में 46.6 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 27.5 से 33.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.3 से 26.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 86 से 92 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 68 से 92 प्रतिशत एवं हवा 0.7 से 9.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 2 व 6 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा 3 से 5 अगस्त को हल्की वर्षा की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.0 से 34.0 व 24.0 से 26.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 2 व 6 अगस्त को कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 8 से 14 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें। अत्यधिक वर्षा के कारण फल पौधों के थालों में एकत्रित पानी के निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनीः 2 व 6 अगस्त को कहीं-कहीं भारी से

बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
काला चना	तराई-भावर एवं मैदानी क्षेत्रो में जहॉ जल भराव की समस्या न हो, वहॉ दलहनी फसलो उर्द, मूंग एवं लोबिया की बुवाई अगस्त के प्रथम सप्ताह तक कर सकते हैं। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। उर्द की पंत उर्द-31, पंत उर्द-40, पंत उर्द-35, उत्तरा आदि किस्मों की बुवाई 30 सेमी की दूरी पर बनी लाईनो मे 3-4 सेमी गहराई पर करें। बीज दर 12-15 किलोग्राम/हैक्टेर रखे। बीज को बुवाई से पूर्व फफूंदीनाशक एवं राइजोवियम कल्चर से उपचारित करें।
चावल	धान के खेत मे सतह से पानी अदृश्य होने के 2-3 दिन के अंदर, खेत में दरार पड़ने से पहले 5.7 सेमी सिंचाई करना चाहिए। सिंचाई वर्षा पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई दो बार- पहला रोपाई के 20 दिन तथा दूसरा 40 दिन पर अवश्य करें। अगर मानव श्रम की कमी हो तो धान मे खरपतवार नियंत्रण हेतु रोपाई के 2-3 दिन के अंदर ब्यूटाक्लोर 50 ई सी के 3.0 लीटर या एनीलोफास 30 ई सी के 1.65 लीटर या प्रेटीलाक्लोर 50 ई सी के 1.50 लीटर दवा प्रति हैक्टर को 500 लीटर पानी मे घोल कर छिड़काव करें।
मक्का	मक्का की विलम्ब दशा मे बुवाई अगस्त के प्रथम सप्ताह तक कर सकते हैं। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। इस समय अल्पकालीन संकुल किस्में-कंचन, गौरव, सूर्या, प्रकाश आदि प्रयोग करें।
गन्ना	गन्ने की फसल में जलभराव वाले खेतों में जल निकास की व्यवस्था बनायें रखे। फसल बढ़वार अच्छी होने पर 5 फीट की ऊंचाई पर बंधाई कर लें। गन्ने की फसल में मिली बग्स का प्रकोप होने पर, मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल का 1500 मि.ली./हेक्टेयर की दर से 500-1000 लीटर पानी/हेक्टेयर में फसल छत्र के अनुसार छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
कद्दू	कद्दु वर्गीय फसलों की पत्तियो पर पीले-भूरे धब्बे दिखाई पड़ने मेन्कोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गोभी	फूलगोभी की अगेती फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल दें। पौधशाला में गोभी की पौध तैयार हो गई हो तो उनकी रोपाई कतार से कतार 45 सेमी व पौधे से पौधे की दूरी 45 सेमी में करें।
टमाटर	टमाटर की फसल मे पत्तियो पर धब्बे पड़ने एवं झुलसने पर मैनकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	छोटे रोमन्थी पशुओं, जैसे भेड़, बकरी एवं नवजात गो वत्स को बरसात के दिनों मे भीगने से बचाना चाहिए ताकि उनको सर्दी/ जुकाम/न्यूमोनिया नामक बीमारी न हों।
भेंस	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।
गाय	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।